दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-201 शनिवार 22 जुलाई, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज का छात्र शुभम बीसला बना विश्व चैंपियन



**बल्लभगढ़, 21 जुलाई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** अग्रवाल कॉलेज के निशानेबाज शुभम बीसला ने भारत का नेतृत्व करते हुए चंगवों कोरिया में आयोजित वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे 10 मीटर एयर पिस्टल टीम में रजत पदक तथा ईंडिविजुअल में गोल्ड मेडल जीत कर सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 14 जुलाई से 25 जुलाई तक हुआ। इसमे लगभग 45 देशों की टीमों ने भाग लिया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता जी और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने विजेता छात्र शुभम बीसला को महाविद्यालय परिसर में आमंत्रित कर फूल व ढोल से जोरदार स्वागत किया एवं इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी व कहा की शुभम आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे।

प्राचार्य जी ने इस अविस्मरणीय जीत के लिए निरंतर मेहनत व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ निश्चय को सफलता का मूल मंत्र बताया, और कहा शुभम की इस उपलब्धि के लिए उनके कोच राकेश और दीपक को भी इसका श्रेय जाता है। साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ० जगबीर सिंह, खेल कूद के संयोजक डॉ० के। एल। कौशिक, डॉ० मनोज शुक्ला, डॉ० नरेश कमरा, डॉ० जयपाल सिंह, डॉ० गीता गुप्ता, अन्य प्राध्यापकों, उप-अधीक्षक श्री मनमोहन सिंगला को बधाई दी।